वर्ष-3, अंक-34
इन्दौर, शुक्रवार
03 जनवरी 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.


# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



–चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**40 साल पहले 5000 से अधिक मौतों का कारण बनी यूनियन कार्बाइट का जहरीला कचरा**

# 12 कंटेनर में 250 किलोमीटर का सफर 8 घंटे में तय कर पीथमपुर पहुंचा

## हाईकोर्ट के निर्देशानुसार 6 जनवरी तक शिफ्ट करने से पहले 3 को बतानी है प्रोग्रेस रिपोर्ट



इन्दौर (नप्र)। 40 साल पहले विश्व की भयावह त्रासदी में शुमार भोपाल गैसकांड को अंजाम देने वाली यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में पड़ा जहरीला कचरा आखिरकार हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हटाया गया।

हाइकोर्ट ने 6 जनवरी तक इस जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे और सरकार को 3 जनवरी को हाईकोर्ट में इस मामले में अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करना है। उसके पहले ही सरकार ने कल रात 12 कंटेनरों में भरकर इस जहरीले कचरे को इंदौर बायपास के रास्ते सुबह 5:00 बजे पीथमपुर के आशापुरा गांव स्थित रामकी इन्वाइरो फैक्ट्री में पहुंचा दिया। पांच हजार से अधिक मौतों की ज़िम्मेदार यूनियन कार्बाइड के इस जहरीले कचरे से भरे कंटेनरों को भोपाल से पीथमपुर पहुंचाने के लिए ग्रीन कारिडोर बनाया गया था। कंटेनरों के परिवहन हेतु बनाए गए इस ग्रीन कॉरिडोर के कारण कई जगहों पर जाम की स्थिति बनी। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड में जहरीले कचरे से भरे ये 12 कंटेनर लगभग 8 घंटे में ढाई सौ किलोमीटर का सफर तय करते रात 2:40 बजे इंदौर बायपास से गुजरे और सुबह 5:00 बजे तक पीथमपुर पहुंच गए।12 कंटेनर में 250 किलोमीटर.... जहरीले कचरे से भरे इन 12 नीले रंग के कंटेनरों पर खतरनाक अपशिष्ट लिखा था और इनके परिवहन हेतु दो-दो ड्रायवरों को तैनात किया गया था जो कि पीपीई कीट पहने हुए थे। बताया जा रहा है कि अत्यधिक कोहरे के कारण कंटेनरों की स्पीड कम रखी गई थी वहीं सुरक्षा के लिए कंटेनरों के आगे पुलिस वाहन रास्ता क्लियर करते चल रहे थे। पूरे मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, जो कंटेनरों के आने से पहले चार किलोमीटर के दायरे की सड़क को क्लीयर और सुरक्षित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं कंटेनरों के आगे एक पायलट वाहन भी चल रहा था। रात दो बजे के करीब इन कंटेनरों के इंदौर शहर की सीमा में बायपास से प्रवेश करने के साथ ही इन्दौर पुलिस के ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सतर्क हो गये। उन्होंने तुरंत बायपास पर चल रहे वाहनों को सर्विस रोड की ओर डायवर्ट कर बायपास क्लियर करवा दिया। वहीं इन कंटेनरों को मायाखेड़ी टोल नाके पर कुछ समय के लिए रोक सभी कंटेनरों को एक के पीछे एक निश्चित दूरी पर खड़ा कर उसी अनुसार पूर्ण पुलिस सुरक्षा के साथ पुलिस सुरक्षा बल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और क्विक रिस्पॉन्स टीम की मौजूदगी में पीथमपुर तक ले जाया गया।

## कचरा निष्पादन के विरोध में पीथमपुर बंद आज, अनशन पर बैठे सैलाना विधायक

**पीथमपुर।** भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले कचरे को पीथमपुर में नहीं जलाने की गूंज पीथमपुर से दिल्ली तक पहुंच चुकी है। लोग एक स्वर में अपनी जमीन और पर्यावरण को बचाने की मांग कर रहे हैं। यह आंदोलन प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। पीथमपुर में कचरे निष्पादन के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमिता महाजन, योगेश यादव भी उतर आये है। गुरुवार को पीथमपुर में दिनभर कचरे के खिलाफ आंदोलन चलता रहा। गुरुवार सुबह पीथमपुर बचाओ समिति और रक्षा मंच के आव्हान पर एक जुट होकर रैली के रूप में आयशर चौराहे के पास महाराणा प्रताप बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक और सांसद को भी कटघरे में खड़ा किया।



वक्ताओं ने कहा कि पीथमपुर में किसी भी परिस्थिति में कचरे एक निष्पादन नहीं होने देगे। हाईकोर्ट में पीथमपुर का मजबूती से पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कचरे के प्रभाव से 2 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित होगे। इससे बच्चे कैंसर, चर्म रोग जैसी बीमारियों से पीड़ित होगे। दरअसल, गुरुवार तड़के चार बजे पीथमपुर की रामकी कंपनी में जहरीले कचरे के 12 कंटेनर भारी सुरक्षा के बीच पहुंच गए। इसके बाद से विरोध की लहर तेज हो गई है। स्थानीय संगठनों, राजनीतिक दलों, और जनता ने इसे क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताते हुए व्यापक प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### पीथमपुर में आज पूर्ण बंद

कचरे के खिलाफ आज व्यापक स्तर पर पीथमपुर बंद का ऐलान किया गया है। आज सभी स्कूल, उद्योग, दुकानों और वाहनों के संचालन को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। व्यापारिक संगठनों ने भी बंद का समर्थन किया है। इसके अलावा उद्योगों को भी बंद किया जाएगा। सुबह से युवाओं की टीम कचरे के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

### युवा नेता संदीप आमरण अनशन पर बैठे

युवा नेता संदीप रघुवंशी और सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडिया के साथ मिलकर आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि पीथमपुर को भोपाल नहीं बनने देंगे। जबतक प्रशासन हमारी मांगे नहीं मान लेता तबतक हम अनशन पर बैठेंगे। वही सैलाना विधायक कमलेश डोडिया ने कहा कि इस कचरे को अमेरिका भेजा जाना चाहिए। सरकार अपने ही देश लोगो की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री ने हिंसा में सैकड़ों लोगों के मरने के बाद मांगी माफी

मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने बीते साल 2024 के अंतिम दिन मणिपुर की जनता से माफी मांगी है। पिछले 600 दिन से अधिक जाति हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। मणिपुर में जाति हिंसा के कारण पिछले कई महीने से मणिपुर के हजारों नागरिक महिलाएं और बच्चे शिवरों में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आई एम सॉरी कहते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। मणिपुर में पिछले 600 दिनों से दोनों समुदायों के बीच लगातार हिंसा हो रही है। मणिपुर में महिलाओं को नंगा करके घुमाया गया। हजारों लोग अपनी जान बचाने के लिए शिवरों में जाकर रहने के लिए विवश हुए हैं। अभी भी हिंसा का दौर थमा नहीं है। केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री ने राजनीतिक हितों के संवर्धन के लिए मणिपुर राज्य को हिंसा में सुनिश्चित रूप से सोची-समझी रणनीति के तहत झोंक दिया। अनेक चर्च जला दिए गए। एक समुदाय विशेष को शक्तिशाली बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जो खेल खेला गया, उसके कारण पिछले 20 महीने से मणिपुर में लगातार हिंसा हो रही है। पुलिस में सैकड़ों मामले हिंसा के दर्ज हैं। मणिपुर में 500 बार से अधिक गोलीबारी और आपसी मुठभेड़ में सैकड़ों नागरिक मारे गए हैं। सरकारी दफ्तर खाली पड़े हुए हैं। मैतई समुदाय के इलाके में कुकी समुदाय के सरकारी कर्मचारी काम करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। इसी तरह कुकी समुदाय के बीच मैतई समुदाय के सरकारी कर्मचारी काम करने नहीं जा पा रहे हैं। यही स्थिति पुलिस थानों की है। यही स्थिति अस्पतालों की है। सुंदर एवं शांत मणिपुर वर्तमान में अशांति का टापू बना हुआ है। इसका असर पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों पर भी पड़ रहा है। कहा जाता है, मणिपुर में केंद्र सरकार ने डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए वीरेन सिंह को अपना प्यादा बनाया था। मणिपुर में संघ के अनुवांशिक संगठनों ने जाति अलगाव पैदा करने का काम शुरू किया। हिंदू और ईसाई समुदाय के बीच में जानबूझकर आरक्षण के नाम पर तनाव बढ़ाया गया। जिसके कारण बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है कि मणिपुर में निर्वाचित सरकार के नाम पर जोड़-तोड़ करके डबल इंजन की सरकार बनाई गई थी।

## गलतफहमी


नजर घुमाई तो देखा,सब्जी की दुकान से निकली पत्नी किसी और पुरुष की स्कूटी के पीछे बैठने जा रही है। शाम का धुंधलका था आसपास काफी गहमागहमी थी। पत्नी के हाथ में सब्जी का थैला था नजर नीचे थी और उस स्कूटी की पिछली सीट ठीक उसके सामने थी आगे की सीट पर बैठा व्यक्ति भी शायद किसी का इंतजार कर रहा था। मैं दस कदम दूर स्कूटी लिए खड़ा पत्नी का इंतजार कर रहा था। मैं यहां इसलिए था,क्योंकि कुछ क्षण पहले पत्नी मेरे पास वाले ठेले पर ही सब्जी ले रही थी और फिर टहलते हुए उस दुकान तक चली गई थी।

मेरे शरीर में काटो तो खून नहीं। अरे-अरे ये क्या कर रही हो प्रिये ? क्या आज मुझे इस प्रकार से छोड़कर चली जाओगी ? पत्नी उस स्कूटी के बिल्कुल निकट आई और बैठने का उपक्रम करते ही ठिठकी। सरिता के स्तंभ जैसी हाय मैं शर्म से लाल हुईऔर फिर तेजी से मेरी तरफ आई। हमारी नजरें मिलीं। उसने ऐसे देखा जैसे कुछ हुआ ही नहीं। उसका अनुमान था कि हो सकता है मैंने देखा ही न हो। लेकिन मैं मुस्कराया तो हम दोनों के मुंह से जैसे हंसी का फव्वारा छूटा। पत्नी ने बताया कि उसने सोचा कि मैं हमेशा की तरह स्कूटी लेकर उसके पास आ गया हूं। वह उस व्यक्ति की जाड़े की जैकेट से भी गच्चा खा गई,जिसका रंग मेरी जैकेट जैसा ही था। लेकिन जब उसकी नीची नजर उस अलग रंग की स्कूटी पर पड़ी तो वह रुक गई।

बहरहाल,पत्नी को छेड़ने का एक अच्छा औजार मेरे हाथ लग गया है। जब-तब मैं इसी बहाने उसके साथ हंस लेता हूं। लेकिन फिर सोचता हूं कि यदि पत्नी बैठ जाती और वह व्यक्ति स्कूटी लेकर चल पड़ता तो नजारा क्या होता।

**प्रेमनारायण वेद**

# सास बहू का खेला



व्यंग

वक्रासन

सास वो होती है जो बहू का सांस लेना भी दुश्वार कर दे और बहू वो होती जिसको देखते ही सास हु ..हु करने लगे जैसे किसी चुडैल का साया देखते ही हम चिल्लाने लगते है कौन? कौन है वहां? सास सास होने के बाद भी लटके झटके से रहे तो नाक भौं सिकुड़ कर बहु अपनी आइकॉनिक टिप्पणी बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम करने से बाज नहीं आती और वही यदि बहू छम्मक छल्लों बन कर नागिन सी इठलाती फिरे तो सास भी माथे पर हजारों शिकन लिए अपना स्पेशल कमेंट मेरे बेटे को तो गुलाम बना लिया अब और किस को रिझाने के लिए ये सब बनाव सिंगार हो रहा है करने से नहीं चूकती है।

सास भले ही सत्तर की हो जाए लेकिन उसका मायका प्रेम जीवन पर्यंत नव नवेली दुल्हन के मायका प्रेम जैसा ही बना रहता है पर अपनी बहु के मायके वालों से छत्तीस का आंकड़ा रखना हर सास का जन्म सिद्ध अधिकार होता है। बहु भी कुछ कम नहीं होती है उसके लिए तो मायके का कुत्ता भी ससुराल के कीमती से कीमती चीज़ से कही अधिक कीमती होता है। सच्चाई तो यही है कि सास कितनी भी बूढ़ी क्यों न हो जाए उसके अंदर का मायका प्रेम हमेशा कलप लगी साड़ी की तरह एकदम कड़क होता है लेकिन यदि यही मायका शब्द बहू के मुख से गलती से भी निकल भर जाए फिर तो सास जब तक पूरे परिवार का जायका न बिगाड़ दे, उसके गले से पानी भी नहीं उतरता है क्योंकि लोग बाग उसके सास होने पर ही प्रश्न चिन्ह खड़े करने लगते है और उसको यह डर सताने लगता है कि कही उसके सास होने पर शक़ जाहिर करते हुए सारी सास बिरादरी उसे धिक्कारने न लग जाए।

बहु का तो क्या कहूं बहू तो बहू ही होती है जब तक वो सास की छाती पर मूंग दलते हुए अपने दूर दूर के भाई बहिनों तक की न सिर्फ खैर ख़बर लेती रहे बल्कि ससुराल में बुला कर उनकी आवभगत भी करती रहे, तब तक उसका खाना ही नहीं पचता।असली सास तो वही होती है जो भले ही बूढ़ी हो गई हो लेकिन गहनों का चाव अभी भी कम नहीं हुआ है वैसे भी स्वर्ण के प्रति सीता मैया तक अपने लोभ का संवरण नहीं कर सकी तो बेचारी सास तो फिर सास है । बहु भले ही आर्टिफिशियल ज्वैलरी पहन कर किटी पार्टी दर किटी पार्टी भटक रही हो मगर सास सत्संग में भी जाए तो भी सोना उसकी देह पर तो जड़ा हुआ होना ही चाहिए । और फिर बहु भी कुछ कम तो नहीं ना पड़ती है असली बहु तो वो ही होती है जो सास का टूटा हुआ चश्मा भी बच्चों की स्कूल फीस के शाश्वत बहाने से महीनों तक ठीक न होने दे।बहू का यह मनपसंद शगल है कि सास के मुंह से निकले एक एक शब्द की व्याख्या करके अपनी सास के पुत्र के कानों में ऐसे मंत्र की तरह फूंके कि वो चुटकी बजाते ही पुत्र से भूतपूर्व पुत्र हो जाए और सास तो इस खेल की पुरानी खिलाड़ी होती है। वह दिन भर चुप रह कर प्रतीक्षा करती है शाम की जब बेटा घर वापिस आता है और फिर उसके सामने ही बहु से कहती है बहु आज तुम बाजार गई थी तो मेरा चश्मा ले जाना भूल गई थी कब से टूट गया है। सोचो ये शब्द बहू के घावों पर नमक छिड़कने से कुछ कम तो न होते होंगे बस दिल मसोस कर रह जाती होगी बापड़ी।

बहू वही है जो ये कभी सोचे नहीं कि वो भी कभी सास बनेगी और सास ऋण वही सास चुका सकती है जो ये कभी याद नहीं रखे कि वो भी कभी बहु थी ।*सास बहू के इस खेला में दो गौण खिलाड़ी भी होते है जो कभी स्थानापन्न खिलाड़ी, कभी बारहवें खिलाड़ी, कभी निर्णायक, कभी थर्ड अंपायर की भूमिका में होते है यूं देखें तो ये पानी की तरह होते है जिस बर्तन में भर दिए जावे वैसे ही हो जाते है। इनमें से एक ससुर जो भूतपूर्व बेटा हो चुका है, होता है और दूसरा होता है बेटा जो पति बन चुका है और भावी भूतपूर्व बेटा होने जा रहा है।ससुर दो किस्म के होते है पुरुष चित और स्त्री चित। पुरूष चित ससुर उदासीन होते है ।ये बहुधा सास या बहु तत्व से क्रिया करके रंग नहीं बदलते है लेकिन स्त्री चित ससुर अत्यधिक सक्रिय होते है ।ये या तो सास के साथ जोड़ी बनकर क्रिया करते है और या बहुधा उत्प्रेरक का कार्य करते है।जहां सास की ईर्ष्या की अग्नि धीमी पड़ने लगती है। ये समय समय पर धीमी पड़ती आग में प्रज्वलन सामग्री डाल कर बड़े मन से स्वाहा का उद्घोष करते है ।बेटा ,जो अब पति भी बन चुका है, शुरू में अपनी मां और पत्नी के बीच सेतू बनने की कोशिश करता है लेकिन जल्दी ही पैडलम की तरह दोनों के बीच झूलने लगता है। वस्तुतः वो एक ऐसे निर्दलीय विधायक की तरह होता है जिसकी तरफ हो जाएगा उसी की सरकार बनाना तय हो जाता है।

इस व्यंग्य के बाद मेरा क्या होगा भाइयों मेरे लिए ईश्वर से दुआ करना कि ऐसी त्रुटि मैं कभी भविष्य में न करूं। वैसे भी इस तरह के मामलो में हमारे आराध्य सुरेंद्र शर्मा जी की जीवटता का कोई सानी नहीं है। उनकी इसी जीवटता को सादर नमन करते हुए मुझ जैसे अंकिंचन प्राणी ने बहुत साहस जुटा कर यह लघु प्रयास किया है। जीवित रहा तो फिर मिलूंगा।

**कमलेश कंवल, उज्जैन**

व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....व्यापार....

# साल के पहले दिन शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ नए साल के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल मारुति सुजुकी सहित कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में उछाल से आया है। आज सुबह कारोबार की मिली जुली शुरुआत हुई पर समय बढ़ने के साथ ही बाजार में खरीददारी बढ़ने से तेजी आने लगी। कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.40 अंक करीब 0.47 फीसदी ऊपर आकर 78,507.41 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 98.10 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी बढ़कर 23,742.90 अंक पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 23 शेयरों में तेजी रही जबकि 7 शेयर नीचे आये। इनमें से मारुति सुजुकी का शेयर 3.26 फीसदी की बंपर उछाल के साथ 11221.20 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर बंद हुआ। वहीं मारुति के अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड ट्रुबो, बजाज फानइेंस, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी उछले हैं। दूसरी ओर टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जोमैटो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और नेस्ले इंडिया के शेयर गिरे हैं। निफ्टी के 37 शेयर लाभ में रहे, जबकि 13 शेयरों में गिरावट रही। लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड ट्रुबो, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स के शेयर शामिल हैं। जिन कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे, उनमें हिंडाल्को, डॉ रेड्डीज, अदाणी पोर्ट्स, ओएनजीसी और टाटा स्टील शामिल हैं। वहीं एशिया के दूसरे बाजारों की बात करें, तो नए साल के अवसर पर जापान के निक्केई 225, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट बंद रहे जबकि यूरोपीय बाजारों में भी कोई कामकाज नहीं हुआ। गत दिवस अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे वहीं इससे पहले बाजार की नये साल के पहले दिन सुबह मिली-जुली शुरुआत हुई। सुबह कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 126 अंकों के लाभ के साथ ही 78265 के लेवल पर खुला जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 23 अंकों की गिरावट के साथ 23621 पर खुला है। कारोबार के दौरान बजाज ऑटो, आईसीआईसीआई बैंक, डॉक्टर रेड्डी, जेएसडब्ल्यू स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर नीचे आये हैं जबकि अपोलो हॉस्पिटल, अडानी एंटरप्राइजेज, एशियन पेंट्स, एलएंडटी के शेयर उछले हैं। गिफ्ट निफ्टी टुडे गिफ्ट निफ्टी 23,733 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था, निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद से लगभग 72 अंकों की गिरावट है, जो भारतीय शेयर बाजार सूचकांकों के लिए नकारात्मक शुरुआत का संकेत दे रहा था।

राष्ट्रीय जनभावना

# मंत्रालय के बाबू से लेकर मंत्री, विधायक अफसरों के रिश्तेदारों का 'सेंट्रल पार्क' में निवेश

## आयकर छापों के बाद चर्चा में है बड़े तालाब किनारे बस रही रईसों की बस्ती

**इंदौर। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के अन्य शहरों में करीब 15 दिन पहले आयकर विभाग ने बिल्डरों के ठिकानों पर छापा मारा। जिसमें रियल एस्टेट कारोबारी त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा के ठिकानों के बाद प्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में है। आयकर छापों के बीच राजधानी में बड़े तालाब किनारे बस रही निम्न घनत्व आवासीय कॉलोनी 'सेंट्रल पार्क' भी सुर्खियों में है। इस कॉलोनी में मंत्रालय के बाबू से लेकर पूर्व मंत्री, मंत्री, विधायक, अधिकारी, उनके रिश्तेदार एवं अन्य रसूखदार लोगों के 10 हजार वर्ग फीट से ज्यादा के प्लॉट हैं।**

यूं तो कोई भी नागरिक संपत्ति खरीद सकता है। लेकिन संपत्ति काली कमाई से खरीदी गई या सफेद से यह जांच का विषय हैं। इसकी जिम्मेदारी सरकारी एजेंसियों की है। लेकिन आयकर छापों के बाद से विवादों में आए सेंट्रल पार्क में प्लॉट खरीदने वालों में कितनों ने अवैध धन लगाया है। इसकी जांच का जिम्मा सरकारी एजेंसियों का है। खबर है कि छापों के बाद बिजली कंपनी इस क्षेत्र में बिजली का कनेक्शन काट दिया है। साथ ही कॉलोनाइजर के ठिकानों से जमीनों के दस्तावेज भी उठाकर ले गई है। इनमें से कुछ लोगों से नोटिस भी जारी किय गया है।




### इन खसरा नंबरों में हैं रसूखदारों के प्लॉट

कॉलोनाईजर मेसर्स सेंट्रल पार्क इन्फ्रा के कर्ताधर्ता वीरेन्द्र पाल एवं राजेश शर्मा ने नगर निगम के मुख्य नगर निवेशक से हुजूर तहसील के सेवनियां गौड गांव में खसरा नंबर 43, 44, 47/क, 57 एवं 64 पर 23.45 हेक्टेयर रकबे में से 12.86 हेक्टेयर में आवासीय भूखंड की अनुमति ली थी। यह क्षेत्र नगर निगम के जोन-6 के वार्ड 26 में आता है।

खसरा नंबर की पड़ताल में सामने आया कि सेंट्रल पार्क में प्लॉट खरीदने वालों में सरकारी कर्मचारी, अधिकारियों के रिश्तेदार, राजनेता जिनमें मौजूदा मंत्री और उनके रिश्तेदार भी शामिल हैं। नेताओं में ज्यादातर राजधानी भोपाल के बाहर के है। इनमें पूर्व परिवहन मंत्री के बेटे का भी प्लांट है।

खसरा क्रमांक 43/2 में वर्तमान में पूर्व परिवहन मंत्री के बेटे का प्लांट, खसरा नंबर 44/1/2 में भी इसी नेता के दूसरे बेटे का प्लाट, भोपाल के पड़ोसे के जिले के विधायक के नाम पर प्लॉट, बुंदेलखंड से आने वाले पूर्व मंत्री के नाम पर प्लॉट, खसरा नंबर 57/1/1 पर पूर्व मुख्य सचिव के करीबी रहे मंत्रालय में एक बाबू का प्लॉट।

# संगठन विस्तार की तैयारियों में जुटी भाजपा

## जिलाध्यक्ष की लॉबिंग में जुटे समर्थक, दो दिन चलेगा बैठकों का दौर

इंदौर। मध्य प्रदेश में 2025 के पहले ही दिन से भाजपा संगठन विस्तार की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा के संगठनात्मक 60 जिलों में जिला अध्यक्षों के चयन के लिए सीनियर नेताओं में रायशुमारी अब पूरी हो चुकी है, जिसके बाद अब जिलाध्यक्षों के निर्वाचन के लिए लिफाफे खोले जाएंगे। इससे पहले समर्थक जिलाध्यक्ष की लॉबिंग में जुट गए हैं। भाजपा दफ्तर में दो दिन तक बैठकों का दौर चलेगा। पर्यवेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक होगी। हर जिले को लेकर वन टू वन चर्चा होगी। जिसके बाद 5 जनवरी तक जिलाध्यक्षों की सूची जारी होगी। बताया जा रहा है कि भाजपा के सीनियर नेता भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में सभी से वन टू वन चर्चा करेंगे। प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी सरोज पांडेय और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की इसमें अहम भूमिका मानी जा रही है। ऐसे कई जिले हैं, जहां जिला अध्यक्ष दोबारा रिपीट हो सकते हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश में हर जिले से करीब-करीब चार-पांच नेताओं के नाम बुलाए हैं, ऐसे में जिसका नाम सबसे ऊपर होगा, उसे ही इस बार जिलाध्यक्ष की कमान मिल सकती है।

# निर्माण कामों की खराब गुणवत्ता पर अफसर नपेंगे, मुख्यमंत्री की चेतावनी

## विधायकों ने अब तक नहीं दिया पांच साल के विकास का प्लान

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता गड़बड़ होने पर अफसर सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। पेंडिंग अधोसंरचना विकास एवं निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। कार्य की गुणवत्ता से ही अधिकारियों के कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। अधिकारी तय करें कि सभी प्रकार के कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे हों। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने विधायकों द्वारा अब तक अगले पांच साल के विकास का प्लान नहीं दिए जाने पर भी अफसोस जताया है। उन्होंने विधायकों से जल्द से जल्द अपने अपने विस क्षेत्रों का रोडमैप देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने समत्व भवन में रीवा एवं शहडोल संभाग के विकास एवं निर्माण कार्यों संबंधी उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्य मानदंडों के अनुरूप या गुणवत्ता विहीन पाए गए, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। बैठक में दोनों संभागों के सांसद, विधायक भी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिए ही जाने चाहिए। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग के निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, उनसे सुझाव लें और इन सुझावों को अमल में भी लाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों के पूरा होने से जनता को तुरंत राहत एवं सुविधा मिले ऐसे निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं।

### प्रभारी अपर मुख्य सचिव करें जिले वार समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग स्तरीय बैठकों में जिले के जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इसलिए अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव पहले जिले वार समीक्षा करें, सभी विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बात और सुझाव सुने, इसके बाद ही संभाग स्तर की बैठक में समन्वित रूप से लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सीधी जिले की गोंड सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सीधी -सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग के उन्नयन कार्य की पूर्णता में आ रहे अवरोधों को दूर कर शेष काम भी शीघ्रता पूर्वक पूरा कराया जाए।

### पांच साल का मास्टर प्लान बनाए सभी विधायक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर चंबल संभाग की समीक्षा बैठक में कहा है कि सभी विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। जनता के काम समय पर हों, हम सबको इसकी चिंता करनी होगी। इसलिए सभी विधायक अपनी विधानसभा का अगले 5 साल का मास्टर प्लान बनाए, ताकि क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास हो सके। सभी विधायक और अधिकारी तय करें कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रभावितों तक पहुंचे। इसके लिए सभी विधायक और अधिकारी घर-घर तक जाएं और अभियान की प्रगति का स्वयं अवलोकन करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागीय मैदानी अमले को सतर्क करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की सेवाओं, सुविधाओं, योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का लाभ पाने से वंचित न रहे। गुना में बोरवेल में बालक के गिरने और उसकी मृत्यु के मामले में उन्होंने कहा कि कलेक्टर अपने मैदानी अमले को मुस्तैद करें और बोरवेल खुले न छोड़े जाएं, इसके लिए समाज में जन-जागरूकता प्रसार भी करें।

# नीतीश कुमार के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं, आएं और मिलकर करें काम



पटना। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी को देखते हुए सियासी बयानबाजी का दौर शुरु हो गया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नए साल के पहले दिन एक साक्षात्कार में नीतीश कुमार के महागठबंधन के साथ आने को लेकर बड़ा बयान दिया है। लालू का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि तेजस्वी यादव ने बीते दिनों लालू यादव से कुछ अलग ही बयान दिया था।

दरअसल लालू यादव ने साक्षात्मकार में कहा है कि उनके दरवाजे नीतीश कुमार के लिए हमेशा खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार साथ में आए और काम करें। नीतीश कुमार आना चाहते हैं तो वह उनका स्वागत करेंगे। नीतीश आए और मिलकर काम करें, कोई दिक्कत नहीं है। अब ऐसे में चुनावी साल को देखते हुए लालू प्रसाद यादव का यह बयान काफी मायने रखता है। इस बीच बड़ी बात यह है कि लालू यादव के बेटे तेजस्वी ने हाल के दिनों में अपनी यात्राओं के दौरान कई बार कहा है कि चाचा नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे बंद हो गए हैं। अब अगर नीतीश साथ आना भी चाहेंगे तो वह उनको नहीं लेंगे। तेजस्वी ने तो यहां तक कह दिया कि नीतीश को वापस अपने साथ लेकर वह अपने पैर पर कुल्हाड़ी नहीं मारेंगे। हालांकि लालू यादव के इस ताजा बयान के बाद से बिहार में राजनीतिक कयासों का बाजार गरम हो गया है। बता दें बीते सोमवार को दिल्ली दौरे के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने वाले थे, लेकिन शाम में बिना जेपी नड्डा से मिले नीतीश कुमार के पटना लौटने का कार्यक्रम बन गया और नीतीश उसी दिन पटना लौट आए।

# जावरा में पन्द्रह लाख रु. कीमत के एमडी-एमए ड्रग के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रतलाम।

**नए साल के पहले ही दिन पुलिस ने बडी सफलता अर्जित करते जावरा में पन्द्रह लाख रु.मूल्य की 150 ग्राम एमडी ड्रग के साथ मन्दसौर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। ड्रग तस्कर मोटर साइकिल पर जावरा पंहुचा था।**



पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त की जा रही मोटर साइकिल को भी जब्त कर लिया है।आरोपी यह ड्रग कहां से लाया था और किसे देने वाला था इस सबन्ध में पूछताछ की जा रही है। रतलाम जिले मे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध चल रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था। इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व नगर पुलिस अधीक्षक जावरा दुर्गेश आर्मो के निर्देशन मे थाना प्रभारी जावरा शहर निरीक्षक जितेन्द्रसिंह जादौन द्वारा अपनी टीम को सक्रिय किया गया था। जिस पर से सउनि.सगीर खान द्वारा टीम के साथ मुखबीर सुचना पर एनडीपीएस एक्ट के समस्त प्रावधानो का पालन करते व प्रभावी कार्यवाही करते हुये नव वर्ष के प्रथम दिन ही बैगमपुरा रोड ईदगाह के सामने जावरा के सामने जावरा से आरोपी ईमरान कोका पिता उमर कोका जाति - शैख मुल्तानी मुस उम्र 38 साल निवासी ईन्दरा कॉलोनी मन्दसौर हामु नाहर सैय्यद दरगाह झोपडी थाना ड्डष्ठ नगर मन्दसौर जिला मन्दसौर को अवैध मादक पदार्थ एमडी 150 ग्राम रूष्ठ ड्रग्स किमती 15,00,000 रुपये ( पन्द्रह लाख रुपये ) मय मोटर सायकल के साथ गिरफ्तार किया । उक्त मामले में थाना जावरा पर अप.क्रं- 01/2025 धारा- 8/22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी के अन्य अपराधो एवं एमडी ड्रग्स के लाने और देने जाने के स्त्रोत के संबंध मे पुछताछ जारी है ।

गिरफ्तार आरोपी : ईमरान कोका पिता उमर कोका जाति - शैख मुल्तानी मुस उम्र 38 साल निवासी ईन्दरा कॉलोनी मन्दसौर हामु नाहर सैय्यद दरगाह झोपडी थाना ड्डष्ठ नगर मन्दसौर जिला मन्दसौर

सराहनीय भुमिका : ड्रग बरामद करने में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह जादौन, सउनि.सगीर खान, प्र.आर जाकिर खान, प्रआर मृदंग सातपुते, प्रआर.अजय दुबे, आरक्षक ललित जगावत, आरक्षक यशवन्त जाट, आरक्षक राजेश पंवार, आरक्षक रामप्रसाद मीणा, आरक्षक राधेश्याम, आरक्षक देवेन्द्र शर्मा, आरक्षक रंजीतसिह, आरक्षक मोहित नोगिया एवं आर तुषार सिसोदिया सायबर सेल रतलाम की सराहनीय भुमिका रही है।

# एक शाम भगवान झूलेलाल साईं के नाम

**रतलाम।** श्री सिंधु सेना चालिहा महोत्सव समिति द्वारा श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित भगवान झूलेलाल जी के मंदिर पर नववर्ष के उपलक्ष्य में एक शाम झूलेलाल के नाम का आयोजन किया गया।समिति के सहसचिव रमेश चोयथानी ने बताया कि प्रतिमाह अनुसार इस अमावस्या दूज के दिन चंद्र दर्शन के उपलक्ष्य में भव्य बहिराणा एवं गरबा रास का आयोजन किया गया। बहिराणा प्रतिमाह होता है । लेकिन आज संयोग है कि आज वर्ष का नया दिन भी है । साथ ही 1 जनवरी को चंद्र दर्शन का संयोग 54 वर्ष बाद आया है । बहिराणा की सेवा एवं भंडारा प्रसादी की सेवा नरेश कैलाश टेकवानी परिवार द्वारा कराई गई । जिसमें रजनी टेकवानी, यशवंत टेकवानी, कमल टेकवानी, राजेश खत्री, रीता खत्री सहित पूरे टेकवानी परिवार ने सेवा की । बहिराणा साहेब के भजन में सिंधी समाज के सैकड़ों श्रद्धालु झूमे और नववर्ष का स्वागत किया । भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर रंगारंग गरबों का आयोजन भी हुआ । गरबों में सिंधी समाज की माताओं-बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । गरबों का पुरूस्कार लॉटरी सिस्टम से दिया गया। जिसमें याशिका चोयथानी की स्मृति में पुरूस्कार वितरण चोयथानी परिवार द्वारा दिया गया। प्रथम पुरूस्कार ममता खुशलानी, द्वितीय पुरस्कार ज्योति प्रकाश गोलानी, तृतीय पुरूस्कार पलक कल्याणी को समाज के प्रमुख भजनलाल पमनानी, भगवान गगवानी, राजु मलकानी, अशोक हेमनानी, रामलाल चंदानी, नानकी देवी चोयथानी, गीता चोयथानी, रीना चोयथानी, नेहा कल्याणी नीता इसरानी, सिंधु सेना के प्रदेश महामंत्री हाशु कल्याणी, जिला अध्यक्ष चंदन मोन्थानी, भुपेन्द्र सोनी, मयूर परियानी, रमेश चोयथानी ने सभी को पुरूस्कृत किया।

पूज्य सिंधी समाज के संरक्षक श्री भगवानदास गंगवानी का 71 वां जन्मदिन पर केक काटकर समाजजनों द्वारा मनाया गया । इस अवसर पर सिंधु सेना की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता अवतानी को किशोर बोर्ड न्यायालय के सदस्य बनने पर सिंधु सेना के द्वारा शाल श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। बहिराणा एवं ज्योत बनाने की सेवा विन्नी जसूजा ने की, लंगर प्रसादी वितरण संजय नैनानी, अशोक मोटवानी, अमर वरधानी, वरूण सोनी, सुशील फुलवानी, मीरा दादी, प्रकाश मैनी ने की । भजन कीर्तन प्रस्तुति विनोद छेतिया, दीपेश छेतिया, मोहन भगनानी, सुंदर केवरमानी ने दी।

भगवान झूलेलाल जी का श्रृंगार एवं आरती मनोहर पुजारी द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री टेकवानी ने प्रतिवर्ष जनवरी माह में भव्य बहिराणा करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में सिंधु समाज के महिला-पुरुषों बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आभार सिंधु सेना एवं चालिहा समिति के संरक्षक चंद्रप्रकाश जी ने माना।

## सलीम एहमद का सम्मान समारोह सम्पन्न



**रतलाम।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार माथुर, जिला सचिव गोपाल उपाध्याय, जिला संगठन मंत्री बी.एल.मडोतिया पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर पाटीदार एवं सेवा निवृत्त शिक्षक सलीम खान का साफा पहनाकर एवं साल श्री फल देकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ आलोट ईकाई ने सम्मान किया। इस अवसर पर सर्वेश कुमार माथुर ने कहा कि हम शिक्षकों को मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह द्वारा गलत बयान बाजी कर शिक्षक सवर्गीय को बदनाम कर रहे है जबकि शिक्षक सवर्गीय अपना दायित्व ईमानदारी से निभाता आ रहा है। शिक्षको के प्रति समाज में नकारात्मक सोच विचार फैलाकर उनको बदनाम करा यह बर्दास्त नही किया जाए गा। शासन नियमानुसार शिक्षका कार्य अध्ययन का है सम्पूर्ण देश भर में अधिकार गैरशिक्षकीय कामकाज पर रोक लगाई जाए पर नही लगाई गई। शिक्षक अपने अधिकार के साथ हमारा विद्यालय तीर्थ की तरह छात्रों को सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अपने नैतिक जिम्मेदारी एवं दायित्व को निभाना भी बताते हैं। अतिथियों का स्वागत सुखदेव शर्मा, दिलीप पोरवाल, मांगीलाल चौहान, कचरुलाल शर्मा,मनोहर सोलकी आदि ने किया।

## नए साल में लोकायुक्त की पहली कार्रवाई-नामली टप्पा तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा



**रतलाम।** गुरुवार को नामली टप्पा तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक प्रकाश पलासिया को लोकायुक्त पुलिस के एक दल ने पन्द्रह हजार रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पलासिया ने पंचेड निवासी एक व्यक्ति से नामांतरण के लिए पचास हजार रु. की रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस के सूत्रों के मुताबिक पंचेड निवासी गणपत ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी टप्पा तहसील नामली में नायब तहसीलदार के रीडर प्रकाश पलासिया ने नामांतरण के एक प्रकरण में फरियादी के पक्ष में निर्णय करने के लिए पचास हजार रु.की रिश्वत मांगी थी,लेकिन बाद में चालीस हजार रु. में मामला तय हुआ था। गणपत रिश्वत की रकम में से पांच हजार रु. दे भी चुका था। शेष राशि देना बाकी थी। लोकायुक्त पुलिस ने फरियादी गणपत की शिकायत सही पाई जाने पर भ्रष्ट कर्मचारी को ट्रैप करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक गुरुवार को फरियादी गणपत विशेष रसायन लगे हुए पन्द्रह हजार रु.के नोट लेकर तहसील कार्यालय पंहुचा। उसने प्रकाश पलासिया से कहा था कि अभी उसके पास पन्द्रह हजार रु. ही है। तो प्रकाश ने कहा कि ठीक है,अभी पन्द्रह हजार दे दो,बाकी बाद में दे देना। योजना के मुताबिक गणपत ने तहसील कार्यालय पंहुच कर प्रकाश पलासिया को रिश्वत की रकम दी और पूर्व निर्धारित इशारा मिलते ही लोकायुक्त पुलिस के दल ने बाबू को धर दबोचा। ट्रैप की कार्यवाही लोकायुक्त पुलिस के निरीक्षक दीपक शैजवार के नेतृत्व में पूरी की गई है। लोकायुक्त के दल में निरीक्षक राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। आरोपी प्रकाश पलासिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# सुख दुख का कारण तो मन है, मन सुख-दुख की कल्पना कर लेता है : स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ

रतलाम।

**मर्यादा बिना धर्म नहीं होता और धर्म के बिना परलोक प्राप्त नहीं होता। यज्ञ से हमें बल, बुद्धि, ऐश्वर्य प्राप्त होता है । आप जिस अवस्था में हो उसी अवस्था में भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास करना चाहिए। सुख दुख का कारण तो मन है, मन सुख–दुख की कल्पना कर लेता है। वर्षो पूर्व त्रिवेणी में यज्ञ का कार्य प्रारम्भ किया है ।**



वह सभी के प्रयास से निरंतर चलते रहना चाहिए । यज्ञ में जो आहूतियाँ दी जाती है। उससे समस्त प्राणीयों को लाभ होता है । उक्त बात भानपुरा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ द्वारा श्रीमती प्रेमलता संजय दवे द्वारा 71 वें महारूद्र यज्ञ की पूर्णाहूर्ति पश्चात आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

इससे पूर्व स्वामी रामानंदाचार्य जी ने उपस्थित गणमान्यजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म बहुआयामी भी हो सकता है और धर्म एक केन्द्र पर भी स्थिर हो सकता है। जीवन में आप जितने क्षण धर्म के साथ रहोंगे, जीवन उतने क्षणों के लिए उच्चतम आयामों को प्राप्त करता चला जाता है। जब तक हम मुस्कुराते हुए इसे अपने आचरण में नहीं लाते तब तक यह पुरुषार्थ है । धर्म के नाम पर चलना है तो दृढ़ संकल्प शक्ति होना चाहिए। अपने संकल्प को पूरा होने के लिए सकारात्मकता के साथ प्रयास करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

71 वें महारूद्र यज्ञ के पूर्णाहूति पश्चात श्रीमती प्रेमलता संजय दवे द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में पधारे संत महात्माओं में भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ का दवे परिवार द्वारा शाल श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया । साथ ही रामानंदाचार्य जी का भी दवे परिवार द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधायक कोमलसिंह राठौर, अध्यक्ष अनिल झालानी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नवनीत सोनी, ब्रजेन्द्र नंदन मेहता, सत्यनारायण पालीवाल, कपूर सोनी, रामचंद्र जी शर्मा, महेश बाहेती, सत्यदीप भट्ट, चेतन शर्मा आदि द्वारा 71 वें महारूद्र यज्ञ के यजमान श्रीमती प्रेमलता संजय दवे का शाल श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, राजेन्द्र सिंह लुनेरा, जगदीश शर्मा, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य विशाल शर्मा, दिलीप गाँधी, पवन सोमानी, दिनेश शर्मा, दिलीप कुमावत, सुरेश दवे, नयन व्यास, दिनेश उपाध्याय, श्रीमती राखी व्यास, श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती हंसा बेन व्यास, श्रीमती ताराबेन सोनी, श्रीमती आशा रानी उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

# संत दर्शन, तीर्थ दर्शन के साथ जीव दया कर किया नववर्ष का स्वागत

## 2 वर्ष से लेकर 77 वर्ष तक के सदस्यों ने की सहभागिता



**जावरा।** श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ महासंघ द्वारा जारी गौ माता को गुड़ गो ग्रास कंबल वितरण आदि का कार्य निरंतर जारी हैं। इस संदर्भ में महासंघ अध्यक्ष अभय सुराणा ने बताया कि गौ सेवा के साथ ही हमारा उद्देश्य हर वर्ग की उम्र के व्यक्तियों में गौ माता की सेवा भावना जागृत हो। मेरा इस वर्ष का ध्येय वाक्य कुछ नया करे अच्छा करें इसी के तहत नव वर्ष में मुरलीधर गौशाला रोजाना में जाकर गुरुवार को बालक बालिकाएं बहु मंडल एवं सीनियर सिटीजन सभी ने गौ सेवा की। इस गौशाला में 1800 से अधिक गोवंश है। आपने बताया कि आने वाले समय में आसपास की गौशालाओं में भी अब गुड की पेटियां भेजी जाएगी यानी मार्च तक गुड़ खिलाने का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। दादा आदिनाथ के दर्शन वंदन किये तथा जीव दया के लिए हमेशा अपना मार्गदर्शन देने वाले तथा भारत को विभिन्न जेलो में गौशाला खुलवाने वाले राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने गौशाला प्रांगण में उपस्थित सभी को नव वर्ष का मंगल पाठ सुनाया। सभी ने हर्ष हर्ष के जयकारे लगाए। और गुरु भगवंतो के दर्शनों का लाभ लिया।


### इनका मनाया जन्मदिन

इस अवसर पर कैलाश चोपड़ा एवं राजेंद्र कोचर का आज गौशाला में जन्मदिन मनाया गया उनका स्वागत व सम्मान संस्था के सदस्यो द्वारा किया गया। इनके द्वारा सहयोग राशि की घोषणा की गई। बहु मंडल की सदस्यों ने कहा कि आज का यह यादगार दिन हमेशा उनकी स्मृति में रहेगा। इस अवसर पर अशोक झामर राजकुमार हरण पुखराज कांठेड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

### इनकी रही उपस्थिति

गौशाला में पहली बार आई श्री जैन दिवाकर बहु मंडल के सदस्यों में अंतिमा मेहता, चित्रा मेहता, प्रविशा सुराणा, श्वेता कोठारी, नीलू दुग्गड़, सोनू दुग्गड़, नेहा रांका, पायल चपड़ोद, पायल चोपड़ा के साथ ही मास्टर अव्यान सुराणा, अयांश जैन, रिद्धि रांका, नव्या जैन के साथ ही महासंघ के सदस्य सरदारमल जैन, अशोक झामर, पुखराज कांठेड़, प्रकाशचंद संघवी, नेमीचंद जैन, पुखराज पटवा, राजकुमार हरण, शेखर नाहर, अनिल श्रीमाल, राजन कोचर, कैलाश चोपड़ा, अभय सुराणा आदि उपस्थित रहे।

# नैन्सी बारिक का जूनियर राष्ट्रीय शालेय बास्केट प्रतियोगिताम में करेगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व



**जावरा।** जिला बास्केट संघ की खिलाड़ी नैन्सी बारिक का चयन जूनियर राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु हुआ हैं। नैन्सी आगामी दिनों में चैन्नई में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। संघ सचिव विजय पामेचा ने बताया कि गुना में संपन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नैन्सी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश की टीम में अपना स्थान बनाया हैं। नैन्सी दिनांक 15 जनवरी से 19 जनवरी तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इसके पूर्व सीहोर में आयोजित प्री नेशनल कोचिंग कैंप में दिनांक 09 जनवरी से 14 जनवरी तक तक प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। उल्लेखनीय है कि नैन्सी गत वर्ष भी मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। नैन्सी की इस उपलब्धि पर संघ अध्यक्ष एवं नगर विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय, चेयरमेन एसडीएम त्रिलोचन गौड़, खेल गुरु व्ही.पी. रिछारिया, प्रकाश मेहरा, डॉ सुरेश मेहता, अशोक सेठिया, महेंद्र गंगवाल, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, धरमचंद चपडोद, हरिनारायण अरोड़ा, सुशील कोचट्टा, अरुण संघवी, विकास जायसवाल, प्रशिक्षक अपारसिंह गंभीर, मनुदेवसिंह चंद्रावत, मुकेश केथवास, रविंद्र सिंह सिसोदिया एवं संघ के सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने नैन्सी को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

# राधौगढ़ विधायक का जावरा में कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**जावरा।** राधौगढ़ से कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह व अन्य कांग्रेस नेताओं का गुरूवार को कांग्रेस महासचिव यूसुफ कडपा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। जानकारी के अनुसार विधायक जयवर्धन सिंह को मंदसौर जिले का प्रभारी बनाया गया है। वे गुरुवार को मंदसौर में एक बैठक में शामिल होने के लिए उज्जैन से मंदसौर जा रहे थे। इस दौरान उनके जावरा पहुंचने पर पूर्व नपाध्यक्ष यूसुफ कडपा की अगुवाई में महू-नीमच रोड स्थित होटल जोयो के सामने उनका गर्मजोशी पुष्पहार से स्वागत किया गया। विधायक जयवर्धनसिंह के साथ पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव हेमंत सिंह चौहान भी मौजुद रहे। इस मौके पर नपा चेयरमैन मो.मुस्तकीम मंसूरी, चेयरमैन लोकेश विजवा, मसूद परदेसी, पिपलौदा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप राव मंडलोई, कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, रोशन सेठ मावता, आसिफ कबाड़ी, कृष्णा पाटीदार, संदीप शर्मा, रामनारायण राठौर, प्रकाश शर्मा आदि ने विधायक सहित अन्य कांग्रेस नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने छेड़ी मुहिम

## मामला जोयो तिराहे से भुतेड़ा के बीच प्रस्तावित ओव्हरब्रिज का



**जावरा।** जावरा से उज्जैन के बीच बनने वाले फोरलेन पेव्हड शोल्डर ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल हाइवे के तहत भुतेड़ा से जोयो होटल तक फ्लाई ओवर का लगातार विरोध कर रही जन संघर्ष समिति ने अब नई पहल प्रारंभ की है। इसके तहत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लगभग एक हजार शिकायतें दर्ज कराने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक समिति सदस्यों के साथ ही करीबन सौ प्रभावित लोग सीएम हेल्पलाइन पर कम्प्लेंट दर्ज करा चुके हैं।

### रजिस्टर्ड डाक से दर्ज करवा रहे आपत्ती

अपनी अगली रणनीति के चलते जन संघर्ष समिति अब प्रदेश के राज्यपाल, जिले के कलेक्टर व जावरा के एसडीएम को रजिस्टर्ड डाक से आपत्ति प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाएगी। इसके अलावा समिति सदस्य व क्षेत्र के प्रभावित लोग आपत्ति रैली भी निकालेंगे। समिति के असलम मेव ने बताया कि पहली आपत्ति क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय को दी जाएगी। उसके बाद उनके निवास स्थान चूड़ी बाजार से ही एक वाहन रैली निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई चौपाटी स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी। जहाँ अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। इस बीच पिपलौदा जनपद अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी भी महू-नीमच रोड स्थित धरनास्थल पहुंचे और समिति को अपना समर्थन देते हुए उनकी मांग को उचित ठहराया। इस मौके पर नपा चेयरमैन मो.मुस्तकीम मंसूरी, जगदीश सोलंकी, राजेश धाकड़, चेयरमैन लोकेश विजवा, मसूद परदेसी, पिपलौदा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप राव मंडलोई, कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, रोशन सेठ मावता, आसिफ कबाड़ी, कृष्णा पाटीदार, रामनारायण राठौर, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# मौसम खुला, धूप निकलने से राहत, रात में शीतलहर का प्रकोप

**रतलाम।** कड़ाके की ठंड के बीच गुरुवार की सुबह धूप निकलने से राहत भरी रही। आज मौसम पूरी तरह से खुला। वहीं शीतलहर और रात में ओस गिरने के कारण न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री पर जा पहुंचा है। ये तापमान में 2.3 डिग्री लुढ़का गया है। अधिकतम तापमान 0.3 बढ़ा है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। नए साल की शुरुआत भले घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के साथ हुई। लेकिन अगले दिन आसमान साफ होने से धूप निकली। सूरत के तेवर ने सभी को ठंड से राहत महसूस कराई। लेकिन ठंड का असर बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो वर्तमान में जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है, जिससे प्रदेश में सर्द हवाएं आ रही हैं। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलने से हवा की रफ्तार तेज होगी। इससे ठंड का असर और बढ़ेगा। इस कारण जनवरी माह में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर भी चलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। जनवरी के मौसम की बात करें तो इस माह ठंड का असर ज्यादा रहेगा। दिन व रात ठंडा रहेगा। मौसम के पारे में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। नए साल के पहले दिन न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री लुढ़क गया। अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा है। इसके पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री रहा था।

# सेंधवा पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

## ड्यूटी पर तैनात नर्स और वार्डबॉय से मारपीट का मामला

**बड़वानी।** सेंधवा शहर थाना पुलिस द्वारा शासकीय अस्पताल सेंधवा में ड्युटी पर तैनात नर्स एवं वार्डबॉय के साथ मारपीट करने वाली महिला आरोपी सुरतीबाई जाधव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेंधवा में प्रस्तुत किया गया। वहीं महिला के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए आरोपिया के खिलाफ ऑपरेशन पवित्र के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

29 दिसम्बर 2024 को शासकीय अस्पताल सेंधवा में ड्युटी पर तैनात नर्स और वार्डबॉय के साथ शहर निवासी महिला सुरतीबाई जाधव द्वारा मारपीट की गई। जिसके परिणामस्वरूप थाना सेंधवा शहर में आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने और शासकीय सेवक के साथ मारपीट करने की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

शासकीय अस्पताल परिसर में ड्युटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ मारपीट करना एक संगीन अपराध होने के कारण थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम



गठित की गई। इस टीम को पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार तथा एसडीओपी कमलसिंह चौहान के मार्गदर्शन में आरोपी सुरतीबाई जाधव की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया।

सेंधवा शहर थाना पुलिस द्वारा आरोपी सुरतीबाई जाधव का अपराध रिकॉर्ड आईसीजेएस में चेक किया गया, जिससे यह पुष्टि हुई कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज हैं। महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेंधवा में प्रस्तुत किया। जहां माननीय न्यायालय ने उसे 10000 रूपए के जमानत मुचलके पर रिहा किया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है और उसने शासकीय अस्पताल में नर्स और वार्डबॉय के साथ ड्युटी के दौरान मारपीट जैसी संगीन घटना को अंजाम दिया है। सुरतीबाई जाधव के खिलाफ ऑपरेशन पवित्र के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है और उसे पुनरू माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# नए वर्ष के जश्न पर पुलिस की सख्ती

**बड़वानी।** 2024 की अंतिम रात्रि 31 दिसम्बर को अंजड़ पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। जिससे शराबियों, हुड़दंगियों और बाईक सवारों में हड़कम्प सा मच गया। पुलिस प्रशासन युवाओं द्वारा मनाए जाने वाले जश्न को लेकर सजग रहा।

थाना प्रभारी गिरवर सिंह जलोदिया के नेतृत्व में दल बल के साथ बस स्टैंड पर रात्रि 10 बजे से बेरिकेट्स लगाकर हुड़दंग मचाने वालों के साथ ड्रिंक कर वाहन चलाने, बाईक पर 3 सवारियां बैठाने, तेज




रफ्तार वाहन चलाने वालों के साथ अन्य वाहनों की जांच की गई।

वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की एल्कोहल मशीन से जांच भी की गई। यह कार्रवाई देर रात तक चलती रही।

टीआई ने बताया कि नववर्ष के आगमन पर कुछ नवयुवक व कुछ शराबी तत्व शराब पीकर वाहन चलाते हैं। जिससे किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना ना हो इसकी रोकथाम के लिए व कार्रवाई करने के लिए चौकिंग लगाई गई।

कुछ संदिग्ध युवाओं को मेडिकल जांच के लिए भी सिविल अस्पताल भेजा। इस दौरान कुल 6 लोगों पर चालानी कार्रवाई की।

## पति-पत्नी को फिर से मिलाने में थाना जुलवानिया पुलिस का सराहनीय प्रयास

**बड़वानी।** थाना जुलवानिया में आवेदिका मंजुबाई ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका पति दीपक शराब पीकर उसे परेशान करता है। इससे परेशान होकर वह अपने 2 वर्षीय पुत्र के साथ अपने माता-पिता के घर ग्राम जोगवाड़ा चली गई थी।

पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में 1 जनवरी 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार एवं एसडीओपी आयुष अलावा के मार्गदर्शन में थाना जुलवानिया पुलिस ने उक्त शिकायत का आवेदिका मंजुबाई, उनके पति दीपक तथा दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाकर काउंसलिंग की गई।

समझाईश के बाद दोनों पति-पत्नी साथ रहने के लिए सहमत हो गए और अपने 2 वर्षीय पुत्र के साथ खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। दोनों परिवारों ने इस प्रयास के लिए जुलवानिया पुलिस का धन्यवाद किया।

निरीक्षक सुनिता मंडलोई थाना प्रभारी जुलवानिया, प्रआर पूनम बघेल, मआर सीमा अवासे की भूमिका सराहनीय रही।

## बर्फिली हवाओं से ठुठराया निमाड़

**बड़वानी।** भट्टी की तरह तपने वाले निमाड़ में इस समय 4-5 डिग्री सेलसियस पारा ऊपर नीचे हो रहा है। दिन को सूर्य की धूप तीखी रहती है, तो रात को बर्फिली हवाओं के झोंके से सारा निमाड़ ठुठरा रहा है। शाम होते ही आमजन घरों को चले जाते हैं, तो कुछ गरम कपड़े का सहारा लेकर घुमने निकलते हैं। वहीं सुबह वॉकिंग करने वालों की भीड़ खुले मैदान एवं कॉलेज ग्राउंड पर देखी जा रही हैं। शहर में गुरूवार को दिन के 10 बजे तक घना कोहरा दिखाई दिया। कोहरे के कारण थेड़े देर तक आमने-सामने आवागमन में देरी होती रही। वहीं शाम होते ही अलाव जलाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। वहीं बर्फिली हवाओं के झोंके से फिर निमाड़ ठुठराया है।



# जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अरविन्द उपाध्याय ने कहा

**बड़वानी।** सभी अभिभावकों से मेरा यही कहना है कि पूरे मध्यप्रदेश में यह कॉलेज सर्वश्रेष्ठ कॉलेजेस की गिनती में आता है। यहां से निकले हुए विद्यार्थी अच्छे-अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। आप अपने बच्चों को इस कॉलेज में एडमिशन दिलाइए, वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे और अपना, अपने परिवार का, अपने प्रदेश का और अपने राज्य का नाम रोशन करेंगे। मैंने भी इसी महाविद्यालय से बीएससी, एलएलबी किया है।

उक्त बातें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा



नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर से द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान का हिस्सा बनते हुए जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट अरविन्द उपाध्याय ने कही। प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का स्तर मिलने के बाद पहले की तुलना में सुविधाओं और पाठ्यक्रमों में विस्तार हुआ है।

अग्रणी कॉलेज में कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण संचालित किया जा रहा है। इसमें कॅरियर सेल की टीम के सदस्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।

# सेवा निवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

## मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया सम्मान

**बड़वानी।** जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अनिल राठौर के नेतृत्व में 2 जनवरी 2025 को एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय से सेवानिवृत्त हुए श्रीमती विनीता जैकब मेट्रन एवं संतोष सुलेखे सहायक ग्रेड 3 का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ श्रीमती अनिता सिंगारे, संघ के



पधाधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, कार्यालय सिविल सर्जन का स्टॉफ एवं कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ सिंगारे द्वारा दोनों कर्मचारियों को विभागीय भविष्य निधि एवं जीआयएस का भुगतान किया गया। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों ने दोनों के सुखमय व दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रिन्स मसीह ने किया एवं संघ के कार्य पर प्रकाश डाला।

## 8 जनवरी को आयोजित होगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**बड़वानी।** जिला अस्पताल में 8 जनवरी को सिविल सर्जन मार्गदर्शन में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला अस्पताल के डॉक्टर्स तथा चोइथराम अस्पताल के डॉक्टर्स द्वारा नेत्र मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। लायन महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को बस से इंदौर चोइथराम नेत्र चिकित्सालय भेज कर निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण कराया जाएगा। साथ ही भोजन, चाय नाश्ता, दवाइयां और चश्मा भी निरूशुल्क दिए जाएंगे। लायन राम जाट ने कहा कि शिविर स्थल पर ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की व्यवस्था भी रहेगी। मरीज आधार कार्ड लेकर आए। शिविर का समय सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक रहेगा। लायन जेआर कनखरे, लायन अनूप जोशी, लायन दिपेश पांडे, लायन दीपक जोशी, लायन संतोष भावसार ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर वाले दिन मरीज और उनके साथ आए व्यक्ति के लिए लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा भोजन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

## प्रकाशोत्सव के अवसर पर दो दिवसय प्रवचन आयोजित

**कालूखेड़ा।** भगवान श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर कुटिया पर श्री जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिंमठ अवान्तर भानपुरा पीठ के अनंत विभूषित ब्रह्मालीन स्वामी श्री दिव्यानंदजी तीर्थ महाराज का 72 वां प्रकाशोत्सव मनाया जा रहा हैं। जिसमें जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज की कृपा से प्रवचन अनंत श्री विभूषित जगतगुरु श्री शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंद तीर्थ महाराज विद्धदजनों के श्री मुख से दो दिवसीय प्रवचन हुए। श्रीमति मोहनबाई कैलाश नारायण के पुत्र श्री ओमनारायण शर्मा द्वारा अपनी गौरवशाली उच्च श्रेणी शिक्षक सेवा 31 दिसम्बर 2024 को पूर्ण करने पर सेवा निवृतसमारोह का आयोजन 4 जनवरी 2025 को शनिवार को सुबह 10 बजे श्री जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिंमठ अवान्तर भानपुरा पीठ के अनंत विभूषित ब्रह्मालीन स्वामी श्री दिव्यानंद जी तीर्थ महाराज के 72 वे प्रकाशोत्सव मनाया जावेगा 4 जनवरी 2025 को भगवान श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर कुटिया पर बना यज्ञ मंडप का भी शुभारंभ श्री गुरुदेव जी के हाथो से किया ।

## देवराम मंडलोई का निधन



**बड़वानी।** पाटीदार समाज बोरलाय के सदस्य अनूप मंडलोई और प्रवीण मंडलोई के पिता एवं वरिद के दादा देवराम मंडलोई का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 दिसम्बर 2024 को सुबह 10 बजे उनके निज निवास बोरलाय से निकली। राजघाट बड़वानी पर अंतिम संस्कार किया। सकल पंच पाटीदार समाज और मंडलोई परिवार बोरलाय सहित अन्य लोगों ने स्व मंडलोई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीजीटी फिनाले: बुमराह कप्तानी के लिए तैयार

## रोहित शायद टीम से बाहर ?



**सिडनी (एजेंसी)।** अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट के साथ-साथ अपने नेतृत्व की तीखी आलोचना से त्रस्त, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेटर के रूप में करियर निराशाजनक चरम पर पहुंच गया है, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें शुक्रवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर किया जा सकता है। रोहित, मेलबर्न की तरह, नेट्स में प्रवेश करने वाले अंतिम बल्लेबाजों में से थे, लेकिन यह तब हुआ जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि खराब फॉर्म में चल रहे कप्तान शुक्रवार की सुबह टॉस के समय होंगे या नहीं। रोहित के खेलने या न खेलने के सीधे सवाल पर गंभीर ने रहस्यमयी जवाब दिया, हम पिच को देखने के बाद प्लेइंग इलेवन पर फैसला करेंगे। अगर ऐसा होता है, तो रोहित खराब फॉर्म के कारण हटाए जाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन जाएंगे और इसके लिए उन्हें किसी और को दोषी नहीं ठहराया जाएगा, सिवाय इसके कि उन्होंने पांच पारियों में 31 रन बनाए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जो 20 से कम औसत से चार मैचों में 30 विकेट लेकर टीम के शीर्ष प्रदर्शनकर्ता रहे हैं, उस स्थिति में नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे। बुमराह की कप्तानी में ही भारत ने दौरे पर अब तक का अपना एकमात्र टेस्ट जीता था - पर्थ में पहला टेस्ट। ऐसे में रोहित कहां रहेंगे? महेंद्र सिंह धोनी और अनिल कुंबले ने सीरीज के बीच में टेस्ट से संन्यास ले लिया क्योंकि उनका शरीर अब लंबे प्रारूप की कठोरता को नहीं झेल सकता था। हालांकि, रोहित के मामले में, उन्हें फॉर्म के आधार पर बाहर किया जाएगा क्योंकि गंभीर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदर्शन ही एकमात्र चीज है जो किसी खिलाड़ी को ड्रेसिंग रूम में उनके नेतृत्व में बनाए रख सकती है। अगर वह शुक्रवार को टॉस के लिए नहीं उतरते हैं, तो यह निष्कर्ष निकालना सुरक्षित होगा कि टेस्ट बल्लेबाज रोहित ने इस सप्ताह की शुरुआत में एमसीजी में अपनी आखिरी पारी खेली थी, जहां वह अच्छी पिच पर पूरी तरह से बेकार दिखे थे।गंभीर ने हालांकि प्लेइंग इलेवन के बारे में कुछ नहीं बताया।

### ऋषभ पंत निशाने पर


ऐसी खबरें हैं कि ऋषभ पंत के शॉट चयन ने गंभीर को नाराज कर दिया है, जो अब ध्रुव जुरेल को बाहर करके उन पर दबाव बनाने की योजना बना रहे हैं। अगर पंत को वास्तव में खेल से बाहर किया जाता है, तो यह उस समय की याद दिलाएगा जब महान ऑलराउंडर कपिल देव को 1984 के इंग्लैंड दौरे के दौरान उनके खराब शॉट चयन के लिए इसी तरह की चूक के साथ सबक सिखाया गया था।गुरुवार को अभ्यास के दौरान जुरेल को अपने सीनियर के बराबर नेट टाइम मिला। आकाश दीप की पीठ में अकड़न के कारण भारत को एक बदलाव करना होगा, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा है। कोच के पसंदीदा हर्षित राणा को शामिल किया जा सकता है, लेकिन दूसरे और तीसरे स्पैल में उनकी संदिग्ध स्थिरता और गति में गिरावट के कारण, प्रसिद्ध कृष्णा को भी बाहर नहीं किया जा सकता है। इस पृष्ठभूमि में, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना आसान नहीं है। पैट कमिंस से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने देखा कि प्रतिद्वंद्वी खेमे में एक और आउट-ऑफ-फॉर्म बल्लेबाज विराट कोहली नियमित कप्तान की तुलना में नेतृत्व की भूमिका में अधिक सक्रिय दिख रहे हैं, तो उन्होंने कहा, मैंने वास्तव में इस पर ध्यान नहीं दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को डेब्यू का मौका देगी, जो खराब फॉर्म में चल रहे मिशेल मार्श की जगह लेंगे, जिन्होंने पूरी सीरीज में ज्यादा रन नहीं बनाए हैं।एक बदलाव यह है कि ब्यू वेबस्टर को मिच मार्श की जगह लाया गया है।

### पीठ में दर्द के कारण आकाश दीप बाहर

भारत के तेज गेंदबाज आकाश दीप शुक्रवार से शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए। आकाश दीप पीठ की समस्या के कारण बाहर है। 28 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने दो टेस्ट मैचों में कुल 87.5 ओवर फेंके और उनकी यह परेशानी उनके द्वारा सहन किए गए सामान्य से अधिक कार्यभार का परिणाम हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के कठोर मैदान तेज गेंदबाजों के घुटने, टखने और पीठ की समस्या पैदा कर सकते हैं। आकाश की जगह हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।



## एक्शन से भरपूर फिल्म सिकंदर का टीजर जारी




हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर का टीजर जारी किया गया। फिल्म में सलमान खान ने एक बार फिर से अपने जबरदस्त एक्शन और स्वैग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। टीजर की शुरुआत सलमान खान के एक बंदूक से भरे हॉल में प्रवेश करने से होती है, जहां हल्की रोशनी उनके कूल और दमदार व्यक्तित्व को उजागर करती है। सलमान खान की यह फिल्म सिकंदर ईद 2025 पर रिलीज होगी, और इसके निर्माण में साजिद नाडियाडवाला का हाथ है। फिल्म का टीजर दर्शकों को उत्साहित कर रहा है। टीजर में सलमान खान कहते हैं, सुना है बहुत सारे लोग मेरे पीछे पड़े हैं। बस मेरे मुड़ने की देर है, और फिर हमलावरों से मुकाबला करते हुए अपना एक्शन अवतार दिखाते हैं। टीजर में सलमान के एक्शन सीन दर्शकों को रोमांचित कर रहे हैं, जिससे यह साफ है कि सिकंदर एक और एक्शन पैक्ड फिल्म होने वाली है। सलमान खान की इस फिल्म में एक बार फिर से उनकी शानदार एक्टिंग और दबंग अंदाज नजर आ रहा है। सिकंदर का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है, जो पहले गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना भी प्रमुख भूमिका में हैं।

## सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 को होगी रिलीज

बालीवुड की फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था, जिसमें सोनू सूद एक्शन मोड में नजर आए थे। फिल्म के तीन गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिला है। अब फिल्म की जो चीज़ सबसे ज्यादा चर्चा में है, वह है फतेह का हाईटेक विलेन। हालांकि, अब तक इस विलेन का किरदार निभाने वाले अभिनेता का नाम रहस्य बना हुआ था, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि फिल्म में सोनू सूद के सामने जो विलेन खड़ा है, उसका नाम सूरज जुमानी है। सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर वायरल हो रहा है, जिसमें सोनू सूद, सूरज जुमानी को हथौड़ी से घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह पोस्टर दर्शकों को फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन और विलेन की ताकत का संकेत दे रहा है। सूरज जुमानी इस फिल्म में एक साइबर फ्रॉड के किरदार में नजर आएंगे, जो सोनू सूद के खुफिया एजेंट वाले किरदार को जबरदस्त चुनौती देगा।




## नेहा ने पेटार के साथ अपनी केमिस्ट्री को सार्वजनिक किया



बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा अपने विदेशी बॉयफ्रेंड पेटार स्लिस्कोविक के साथ मुंबई की सड़कों पर नजर आईं। निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहने वाली नेहा ने पहली बार किसी के साथ अपनी केमिस्ट्री को सार्वजनिक किया। पेटार स्लिस्कोविक एक 33 साल के क्रोएशियाई फुटबॉलर हैं, जो बोस्निया से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने 2011 में जर्मन क्लब मेन्ज़ 05 के साथ अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत की थी और बाद में सेंट पॉली और डायनमो ड्रेसडेन जैसे प्रमुख क्लबों के लिए भी खेले। पेटार का भारतीय फुटबॉल से भी खास नाता है, क्योंकि उन्होंने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में चेन्नईयिन एफसी और जमशेदपुर एफसी का प्रतिनिधित्व किया है।


## क्राउनस्टार्स ने हासिल किए ठग धनीराम मित्तल के जीवन के अधिकार

निर्माता सुनीत कुमार सिंह और किम्बर्ली त्रिनिदाद के नेतृत्व में क्राउनस्टार्स एंटरटेनमेंट ने भारत के सबसे कुख्यात ठग धनीराम मित्तल के जीवन के अधिकार हासिल कर लिए हैं। आधिकारिक अधिकार मित्तल के कानूनी परिवार द्वारा दिए गए थे, जिससे सभी प्रारूपों के लिए कहानी पर विशेष नियंत्रण सुनिश्चित हुआ।प्रोडक्शन हाउस के कानूनी प्रतिनिधियों, आनंद और नाइक ने इस महत्वपूर्ण विकास की पुष्टि करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया।

## राधिका ने 2024 के अविस्मरणीय पलों को याद किया



राधिका मुथुकुमार ने 2024 साल के कुछ अविस्मरणीय पलों को याद किया। उनके लिए, शेमारू उमंग के शो मैं दिल तुम धड़कन में वृंदा का किरदार निभाना सबसे खास रहा। यह न केवल उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा भी रही, जो उनके दिल के बहुत करीब है। राधिका कहती हैं कि वृंदा की कहानी ने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में नए और अनदेखे पहलुओं को तलाशने का मौका दिया। इस भूमिका के लिए उन्हें भेद्यता, शक्ति और परिवर्तन को महसूस करना पड़ा।जब मैं 2024 के बारे में सोचती हूं, तो मुझे मिले अवसरों और सीखे गए पाठों के लिए दिल से आभार महसूस होता है, साथ ही आने वाले समय के लिए भी एक उत्साह है।



# चीनी हैकर का अमेरिकी खजाने पर हमला, एफबीआई व अन्य एजेंसियों जांच में जुटी

## चीन के विदेश मंत्रालय ने आरोपों को 'बेबुनियाद' बताया किया खारिज

**वाशिंगटन,।** चीन ने सीधे अमेरिका के खजाने पर हाथ डालने का प्रयास किया है। चीन के इशारों पर हैकर्स ने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की सिस्टम में सेंधमारी कर कुछ कर्मचारियों के वर्कस्टेशन और अनक्लासिफाइड दस्तावेजों तक पहुंच गया। अमेरिका ट्रेजरी विभाग ने इस घटना को ÷साइबर हमला÷ बताया और एक पत्र के जरिए सांसदों को इस घटना की जानकारी दी। विभाग ने बताया कि वह एफबीआई और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस हमले की जांच कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने इन आरोपों को ÷बेसलेस÷ बताया और कहा कि वह किसी भी प्रकार की हैकिंग का समर्थन नहीं करता है। अमेरिका ने चीन पर इस तरह के हाई प्रोफाइल हमलों के कई आरोप लगाए हैं और यह कथित हमला इसी कड़ी का नया हिस्सा है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने अपने पत्र में कहा कि यह हमला चीन स्थित एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) हैकर्स द्वारा किया गया। रिपोर्ट में विभाग के मुताबिक वे एक थर्ड पार्टी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं और चीन के हैकर्स ने इस थर्ड पार्टी सर्विस में सेंध मारकर सिस्टम में एंट्री की है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग जिस थर्ड पार्टी की सर्विस लेता है उसका नाम 'बियॉन्डट्रस्ट' है। इसका काम विभाग के कर्मचारियों को रिमोट लेवल पर टेक्निकल सपोर्ट देना है। यह थर्ड-पार्टी सर्विस अब ऑफलाइन कर दी गई है। विभाग ने बताया कि फिलहाल कोई सबूत नहीं है कि हैकर्स किसी भी डेटा तक पहुंच पाया है। विभाग ने बताया कि हैकर्स ने रिमोट एक्सेस के जरिए ट्रेजरी अधिकारियों-कर्मचारियों के वर्कस्टेशन और कुछ अनक्लासिफाइड दस्तावेजों तक पहुंच बनाई। इन दस्तावेजों की प्रकृति या संवेदनशीलता के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने इन आरोपों को ÷बेबुनियाद÷ बताते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि चीन हैकिंग का विरोध करता है और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए फैलाए जा रहे झूठ का खंडन करता है। अमेरिकी एजेंसियों का आरोप है कि यह चीनी हैकर ग्रुप महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बाधित करने की योजना बना रहा था। इसे जासूसी के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों पर हमला शामिल था। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने बताया कि इस घटना पर विस्तृत रिपोर्ट 30 दिनों में सांसदों को सौंपी जाएगी।

# महाकुंभ में कॉटेज और होटलों की बुकिंग आधिकारिक साइट्स से करने की अपील

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए यूपी सरकार और केंद्र सरकार ने अपने-अपने खजानों का मुंह खोल दिया है। सुविधाओं को मूर्तरूप देने के लिए प्रशासन से लेकर शासन स्तर पर निगरानी की जा रही है। हाई क्लास कॉटेज के साथ अस्थाई निर्माण करवाए जा रहे हैं, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसी बीच साइबर ठगों की जालसाजी की खबरों से भी महाकुंभ की छटा पर बट्टा लग रहा है। मेला प्रशासन लोगों से अपील कर रहा है कि जितनी आधिकारिक साइट्स हैं उनके द्वारा ही कॉटेज या फिर अन्य व्यवस्थाओं की बुकिंग करवाई जाए। ऑनलाइन बुकिंग के लिए सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट्स का ही इस्तेमाल किया जाए। डीसीपी सिटी ने अपील की कि महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वाले



श्रद्धालुओं से गुजारिश है कि वह महाकुंभ में टेंट सिटी में कॉटेज और शहर के होटलों में कमरे बुक करने के लिए सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट्स का ही इस्तेमाल करें। महाकुंभ से जुड़ी आधिकारिक वेबसाइट और सरकार की ओर से बनाए गए महाकुंभ ऐप से जानकारी हासिल करके ही टेंट सिटी और होटल की बुकिंग करें। आपकी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com